FIROZABAD POLICE

" सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "

सराहनीय कार्य दिनाँक 01-06-2025 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा रंगदारी / चौथ माँगने वाले हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त रामप्रकाश उर्फ सत्ताईस (एच0एस0- 08ए) को सूचना प्राप्त होने के मात्र 05 घण्टे के अन्दर पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 03 जिन्दा कारतूस, 01 खोखा कारतूस एवं 01 बाइक बरामद।
- हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त रामप्रकाश उर्फ सत्ताईस (एचएस- 08) वर्ष 2018 में आर0एस0एस0 कार्यकर्त्ता संदीप शर्मा की हत्या में जेल जा चुका है।
- अभियुक्त पूर्व में भी पुलिस टीम पर फायर करने के अभियोग में जेल जा चुका है।
- अभियुक्त के विरुद्ध थाना उत्तर में गम्भीर धाराओं में आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।

आज दिनाँक 01-06-2025 को वादी विपिन कुमार द्वारा थाना उत्तर पर सूचना दी गयी कि वादी संगम नगर भोला डेरी वाली गली में स्थित अपनी दुकान पर बैठा हुआ था तभी हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त रामप्रकाश उर्फ सत्ताईस वादी की दुकान पर पहुँचा और अवैध असलहा लहरा कर गाली गलौज करते हुए वादी को ड़रा धमकाकर वादी से 10 लाख रुपयों की रंगदारी / चौथ की माँग करने लगा तथा हवाई फायर कर दिया गया। वादी की सूचना के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध के थाना उत्तर पर मु0अ0सं0 344/25 धारा 131, 288, 308(5), 351(3), 352 बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की तलाश की जा रही थी इसी क्रम में थाना उत्तर पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 344/25 में वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त रामप्रकाश उर्फ सत्ताईस कहीं भागने की फिराक में हरिनगर नई बस्ती में छिपा हुआ है।

सूचना के आधार पर थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा हरिनगर नई बस्ती में सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान बाइक पर सवार 01 संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा करने पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगा। हड़बड़ाहट में भागते समय उस संदिग्ध व्यक्ति की बाइक फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता हुआ देख संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगा। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गयी जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान मु0अ0सं0 344/25 में वांछित अभियुक्त रामप्रकाश उर्फ सत्ताईस

के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 03 जिंदा कारतूस व 01 बाइक बरामद हुए हैं। अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-**

1. रामप्रकाश उर्फ सत्ताईस पुत्र रामबाबू निवासी हरिनगर पी0के0 स्कूल के पीछे रैपुरा रोड़ थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण –**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 03 जिन्दा कारतूस।
3. 01 खोखा कारतूस।
4. 01 अपाचे बाइक (सफेद रंग)।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त रामप्रकाश उर्फ सत्ताईस-**

1- मु0अ0सं0 77/12 धारा 110जी सीआरपीसी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2- मु0अ0सं0 176/16 धारा 354, 452, 427, 307, 504 भादवि0 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
3- मु0अ0सं0 188/17 धारा 03 यूपी गुण्डा एक्ट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4- मु0अ0सं0 591/18 धारा 302 भादवि0 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
5- मु0अ0सं0 573/18 धारा 323, 307, 504 भादवि0 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
6- मु0अ0सं0 750/18 धारा 41/102 सीआरपीसी व 411, 414 भादवि0 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
7- मु0अ0सं0 751/18 धारा 25 ए0ए0सी0टी0 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
8- मु0अ0सं0 916/18 धारा 2/3 गैंगस्टर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. संजुल कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 सुनील कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 प्रवीण कुमार मिश्रा थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 रितिक शर्मा थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
5. कां0 895 चतुर्भुज बघेल थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
6. कां0 654 सचिन खोखर थाना उत्तर जपनद फिरोजाबाद।
7. कां0 321 योगेन्द्र कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
8. कां0 348 अमित थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
9. कां चालक बृज मोहन थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।